Title: Need to complete the construction of a bridge on Bagmati river at Dubbaghat in Bihar.

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : महोदय, भारत से नेपाल जाने वाले पथ में शिवहर सीतामढ़ी के बीच बागमती नदी के डुब्बाघाट पर पुल निर्माण का कार्य ठप्प हो गया है, जबकि पिछले वर्षों में पांच से सात पाये का काम शुरू हुआ था, तब से काम ठप्प है। इसी घाट पर पिछले वर्ष नाव डूबने के कारण एक दर्जन लोगों की मौतें हो चुकी हैं। बाढ़ के दिनों में अक्सर नाव डूबने के कारण सैंकड़ों लोगों की मौतें होती रहती हैं। अब दो महीने के बाद पुनः बाढ़ आने वाली है। पुल नहीं बनने से लाखों लोगों के धैर्य की सीमा टूट रही है। जनहित में इस पुल का निर्माण कार्य किया जाना अत्यावश्यक है।

अतएव मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि यथाशीघ्र इस पुल का निर्माण कार्य शुरू किये जाने हेतु सम्बन्धित पदाधिकारियों को आदेश दिये जाएं।